# दिल्ली पुलिस के कर्मचारी थे रवींद्र के पिता

अमलेश राजू
नई दिल्ली, 31 मई।

- निगम मेयर ने रविंद्र की पत्नी को सौंपा नियुक्ति पत्र
- उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने भी रवींद्र की पत्नी को बेलदार–कुली के पद पर नियुक्त किया

पिछली 19 मई को रानी ने पति रवींद्र के साथ शादी की सालगिरह मनाई थी। रवींद्र पत्नी के साथ घूमने बाहर जाना चाहता था। लेकिन यह सपना अधूरा रह गया। सड़क पर देश की स्वच्छता की आवाज बुलंद करने की बात इतनी नागवार गुजरी कि युवकों ने ई–रिक्शा चालक रवींद्र को मौत की नींद सुला दिया। उसके पिता सुरेंद्र कुमार दिल्ली पुलिस के कर्मचारी थे। सुरेंद्र कुमार दिल्ली पुलिस के मल्टी टास्किंग स्टाफ थे।

वहीं से सेवानिवृत्त होने के बाद बेटे–बहू के साथ किंग्सवे कैंप की सालों पुरानी किशोर मार्केट की झुग्गी कालोनी में रहने लगे। हालांकि डरी–सहमी रानी को प्रधानमंत्री और वेंकैया नायडू और मनोज तिवारी जैसे शीर्ष के नेताओं की ओर से मदद पहुंची, मदद के आश्वासन मिले लेकिन फिर भी उसकी आंखें घूंघट से ही अपने पति को तलाशती हैं। उसे अभी तक यह समझ नहीं आ रहा है कि आखिर उसके पति रवींद्र ने उन युवकों का क्या बिगाड़ दिया कि सुबह की मामूली घटना के बाद शाम में झुंड बनाकर आए युवक उसकी पीट–पीटकर जान ले लेंगे।

बुधवार को उसके चेहरे पर कुछ राहत की सांस तब आई जब पता चला कि दो आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं, बाकी भी बहुत जल्द कानून के शिकंजे में होंगे। पिता के दिल्ली पुलिस के कर्मचारी होने का रौब बेटे पर भी था। वह अक्सर अन्याय के खिलाफ बोल पड़ता था। उसके भाई वीरेंद्र मौजूदा समय में वहां चल रहे ई–रिक्शा संगठन के प्रधान हैं।

दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर और जीटीबी मेट्रो स्टेशन की दूरी इतनी है कि कमोवेश छात्र पैदल ही इस इलाके में घूमते हैं। जब से ई–रिक्शा का प्रचलन बढ़ा और किराए के रूप में पांच से दस रुपए लेने शुरू हुए तब से छात्र–छात्राओं का झुंड पैदल की बजाए सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने लगे हैं। रवींद्र के मुहल्ले के ही एक अन्य रिक्शा चालक बाबू ने बताया कि हमें दिन भर में पांच से एक हजार की कमाई हो जाती है और बदले में ज्यादा दूर जाना भी नहीं पड़ता है। यहीं घूमते–घूमते सुबह से शाम हो जाती है। रवींद्र स्वभाव से भला इंसान था हालांकि मिजाज हमेशा गलत काम का विरोध करने का था।

## गड़बड़ी के बारे में आवाज उठाने वाले पर गोली चलाई

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 31 मई।

सीवर व सड़क के निर्माण के ठेके में गड़बड़ी का आरोप लगाने वाले राहुल शर्मा पर बुधवार दोपहर को ग्रेटर नोएडा के नोएडा एक्सटेंशन में अज्ञात बदमाशों ने जान से मारने की नीयत से गोली चलाई। पुलिस उपाधिक्षक (ग्रेटर नोएडा) राकेश कुमार ने बताया कि राहुल शर्मा ग्रेटर नोएडा में स्थित गौर सिटी में रहते हैं। शर्मा का आरोप है कि वे बुधवार सुबह जब अपने घर से निकल रहे थे तभी कुछ लोगों ने उनके ऊपर जानलेवा हमला किया तथा गोली चलाने का प्रयास किया। उनके मुताबिक, बदमाशों द्वारा चलाई गोली से राहुल शर्मा बाल–बाल बच गए।

मालूम हो कि राको के चेयरमैन राहुल शर्मा ने दिल्ली के एंटी करप्शन ब्यूरो में शिकायत दर्ज कराई थी कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साढ़ू सुरेंद्र बंसल की कंपनी को नियमों को ताक पर रखकर करीब 10 करोड़ रुपए का फायदा पहुंचाया गया था। इस मामले में एसीबी ने सुरेंद्र बंसल के घर छापेमारी की थी और वहां से कुछ अहम कागजात हासिल किए थे।

UFLEX 'A part of your daily life'

## यूफ्लैक्स लिमिटेड

CIN : L74899DL1988PLC032166

रजिस्टर्ड ऑफिस : 305, तीसरी मंजिल, भानोट कॉर्नर, पाम्पोष एन्क्लेव, ग्रेटर कैलाश-1, नई दिल्ली-110048
फोन : +91-11-26440917, 26440925, फैक्स : +91-11-26216922, वेबसाईट : www.uflexltd.com, इमेल : flexsec@vsnl.net

### 31.03.2017 को समाप्त तिमाही एंव वर्ष के दौरान अंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणाम

(₹ लाखों में)

| क्रं0 सं0 | विवरण | 31.03.2017 को समाप्त तिमाही (अंकेक्षित) | 31.12.2016 को समाप्त तिमाही (अनंकेक्षित) | 31.03.2016 को समाप्त तिमाही (अंकेक्षित) | 31.03.2017 को समाप्त वर्ष (अंकेक्षित) | 31.03.2016 को समाप्त वर्ष (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 170977 | 158081 | 154033 | 650479 | 636552 |
| 2. | साधारण गतिविधियों से कर पश्चात् शुद्ध लाभ/(हानि) | 9653 | 7456 | 7737 | 34668 | 31327 |
| 3. | अवधि के लिये शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 9653 | 7456 | 7737 | 34668 | 31327 |
| 4. | कर, मायनॉरिटी इंट्रस्ट एवं सहयोगीयों का अंश लाभ/(हानि) के बाद कुल लाभ/(हानि) | 9819 | 7376 | 7816 | 34846 | 31384 |
| 5. | अवधि के लिये कुल व्यापक आय [अवधि के लिए शामिल लाभ/हानि] (कर पश्चात) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) | 8129 | (2396) | 8102 | 20678 | 36940 |
| 6. | समतुल्य अंश पूंजी | 7221 | 7221 | 7221 | 7221 | 7221 |
| 7. | पूर्व लेखा वर्ष के तुलन पत्र के अनुसार पुनर्मूल्यांकन आरक्षित के अतिरिक्त आरक्षित | - | - | - | 355661 | 337562 |
| 8. | आय प्रति शेयर (ईपीएस) असाधारण मदों से पूर्व (₹ 10 प्रति) (वार्षिकोकृत नही) | | | | | |
| | मूलभूत | 13.60 | 10.21 | 11.11 | 48.26 | 43.46 |
| | द्रव्य | 13.60 | 10.21 | 11.11 | 48.26 | 43.46 |
| 9. | आय प्रति शेयर (ईपीएस) असाधारण मदों के बाद (₹ 10 प्रति) (वार्षिकोकृत नही) | | | | | |
| | मूलभूत | 13.60 | 10.21 | 11.11 | 48.26 | 43.46 |
| | द्रव्य | 13.60 | 10.21 | 11.11 | 48.26 | 43.46 |

1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में जमा किए गए 31 मार्च 2017 को समाप्त तिमाही एंव वर्ष के समेकित वित्तिय विवरण के विस्तृत प्रारूप का सारकित अंश है। 31 मार्च 2017 को समाप्त तिमाही एंव वर्ष के स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तिय विवरण का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटों www.nseindia.com, www.bseindia.com तथा कंपनी की वेबसाइट **www.uflexltd.com** पर उपलब्ध है।
2. निदेशक मंडल ने 2016–2017 को समाप्त वर्ष के लिए लाभांश ₹ 3.50/- प्रति शेयर (35%) के लिए सिफारिश की है, जो शेयरधारको की सहमती के अधीन है।

कृते यूफ्लेक्स लिमिटेड
हस्ता/-
(अशोक चतुर्वेदी)
अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक
DIN - 00023452

स्थान : नोएडा
दिनांक: 30.05.2017



श्री नितिन गडकरी
माननीय सड़क परिवहन,
राजमार्ग एवं पोत परिवहन मंत्री,
भारत सरकार

सत्यमेव जयते
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार

पंडित दीनदयाल उपाध्याय 1916 2016 जन्म शताब्दी वर्ष

INAM PRO+
PLATFORM FOR INFRASTRUCTURE AND MATERIALS PROVIDERS
www.inampro.nic.in
(उचित दरों पर अवसंरचना सामग्री एवं मशीनरी की आसान खरीद के लिए भारत का अपनी तरह का पहला वेब पोर्टल)

का
प्रवर्त्तन

श्री नितिन गडकरी
माननीय केंद्रीय मंत्री (सड़क परिवहन, राजमार्ग एवं पोत परिवहन)
द्वारा
01 जून 2017, पूर्वाह्न 11 बजे से, होटल अशोक, नई दिल्ली



**निर्बाध अवसंरचना विकास**

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से अवसंरचना परियोजनाओं के कार्यान्वयन से जुड़ी निर्माण एजेंसियों द्वारा विभिन्न प्रकार की अवसंरचना सामग्री एवं मशीनरी की खरीद के लिए एक वेब आधारित प्लेटफॉर्म **"इनामप्रो+"** विकसित किया है ।

सभी अवसंरचना सामग्री आपूर्तिकर्ता, ठेकेदार एवं विकासकर्ता आमंत्रित हैं।

**सीमेंट खरीदने का सुनहरा अवसर :** समस्त भारत में स्थापित सीमेंट निर्माताओं ने केन्द्र एवं राज्य सरकार तथा उनकी एजेंसियों द्वारा कार्यान्वित की जा रही सभी अवसंरचना परियोजनाओं के विकास से जुड़ी निर्माण फर्मों हेतु वर्ष 2017–18 में विभिन्न ग्रेडों की 27 मिलियन टन सीमेंट विभिन्न प्रतिस्पर्धात्मक दरों (कर रहित फैक्ट्री–पूर्व) पर भारतीय मानक ब्यूरो के विनिर्देशों को पुष्ट करते हुए आपूर्ति करना आश्वस्त किया है ।

यह मूल्य निर्धारित उच्चतम मूल्य से नीचे तय किए गए हैं जिनका न्यूनतम एवं अधिकतम मूल्य निम्नानुसार है ।

इनामप्रो का हाल ही में अन्य अवसंरचना सामग्रियों जैसे–इस्पात, बिटूमन, सड़क फर्नीचर एवं ढुलाई वाहन, अवसंरचना उपस्कर, इंटेलीजेंट परिवहन प्रणाली के उपस्कर, सड़क सुरक्षा, रक्षा कार्यों एवं सेवाओं के लिए अद्यतन किया गया है। इच्छुक विक्रेता www.inampro.nic.in पर पंजीकरण कर सकते हैं।

| सीमेंट ग्रेड | न्यूनतम मूल्य (रू./बैग) | अधिकतम मूल्य (रू./बैग) |
|---|---|---|
| ओपीसी 43 | 157 | 280 |
| ओपीसी 53 | 163 | 300 |
| पीपीसी | 150 | 300 |
| पीएससी | 157 | 242 |
| एसआरपीसी | 204 | 248 |

उच्चतम मूल्य सीमेंट निर्माताओं द्वारा वर्ष के दौरान वसूल किया जाने वाला अधिकतम मूल्य है । उपर्युक्त मूल्य (कर रहित फैक्ट्री–पूर्व) पूर्व–भुगतान स्थिति पर लागू हैं ।

आइये, साथ मिलकर भारत की सर्वोत्तम अवसंरचना का निर्माण करें।

सभी ठेकेदारों से अनुरोध है कि वे www.inampro.nic.in (इनाम–प्रो पोर्टल) के माध्यम से सीमेंट खरीदकर लाभ उठाएं ।
अधिक जानकारी के लिए support-inampro@nic.in को लिखें या टोल फ्री संख्या 1800 200 3399 पर संपर्क करें।



# नये भारत की शक्ति युवा शक्ति

## हुनर से भारत होनहार

- स्किल इंडिया के माध्यम से 1 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण मिलेगा
- NSDC द्वारा अब तक 52.8 लाख युवा प्रशिक्षित
- 1 करोड़ SC/ST/OBC छात्रों के बैंक खातों में छात्रवृत्ति सीधी पहुँची

## शिक्षा क्षेत्र का विस्तार

- 109 नये केन्द्रीय विद्यालय, 62 नवोदय विद्यालय, 7 नये IIM, 6 नये IIT और कई शिक्षण संस्थाएं खोलीं जा रही हैं
- मेडिकल की ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट सीट्स में अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी
- नॉर्थ ईस्ट में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ईशान उदय योजना

## युवाओं को अवसर अपार

- स्टार्ट अप इंडिया के द्वारा युवाओं को नए अवसर
- मुद्रा योजना के तहत गरीबों को 7.5 करोड़ लोन दिये गए, कुल लोन राशि 3.15 लाख करोड़ रूपये है
- TOP योजना के तहत 2020 में होने वाले ओलम्पिक खेलों के लिए युवाओं को प्रोत्साहन और मदद



साथ है, विश्वास है ...हो रहा विकास है

davp22112/13/0007/1718

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष